मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-587
**05/12/2021**

# मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाले पर शुरु किये गये विकास कार्य का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा—निर्देश

पटना, 05 दिसम्बर 2021 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज होटल पाटलिपुत्र अशोका के बगल के रास्ते से होते हुए मजार के पास से नेहरु पथ होते हुए मंदिरी नाले के क्षेत्र का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री के मंदिरी क्षेत्र में पहुँचने पर लोगों में भारी उत्साह दिखा और नारा लगाकर मंदिरी क्षेत्र में शुरू किये गये विकास कार्यों के लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाले पर शुरु किये गये विकास कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिरी के ड्रेनेज पंपिंग प्लांट का निरीक्षण कर मंदिरी नाले पर होने वाले सड़क निर्माण कार्य के बारे में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मंदिरी नाले पर होने वाले सड़क निर्माण कार्य के संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को कई निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कल पटना स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 'मंदिरी नाला के विकास कार्य' योजना का शिलान्यास किया था।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गंगा नदी में शहर का गंदा पानी न जाये इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। मंदिरी नाले के पानी को ट्रीटेड कर पाइप के माध्यम से शहर के बाहर सिंचाई कार्य के लिए उपयोग में लाया जाय। नगर विकास एवं आवास विभाग, जल संसाधन विभाग के साथ मिलकर इस पर तेजी से काम शुरु करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरी नाले पर बनने वाली सड़क को अशोक राजपथ के बाद एलिवेटेड कर जे0पी0 गंगा पथ से मिला दिया जायेगा। इस पथ के जे0पी0 गंगा पथ से जुड़ने से कई रुटों के लोगों के लिए आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने कहा कि मंदिरी नाले पर बनने वाली सड़क से लोगों के आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस इलाके का और विकास होगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त श्री अनिमेश पराशर, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******